नीलामी विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय जनपद न्यायाधीश देवरिया के आदेश दिनांक 16.05.2022 के अनुपालन में श्री पशुपतिनाथ गुद्दर बाबा मठ बरडीहा दल के कृषि योग्य भूमि की नीलामी दो फसली (खरीफ व रबी) वित्तीय वर्ष-2022-23 हेतु दिनांक -26.05.2022 को सुबह 10:30 बजे जनपद न्यायालय देवरिया के दस कक्षिय भवन के सभागार कक्ष में समिति के समक्ष सम्पन्न होगी। इच्छुक व्यक्ति प्रकाशन की तिथि से दिनांक -26.05.2022 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में उक्त कृषि भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर निम्न शर्तों के अधीन नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी हेतु प्रथम बोली वित्तीय वर्ष 2020-21 की स्वीकृत नीलामी की धनराशि में 10% अतिरिक्त धनराशि को समायोजित करते हुए मु०-1,001,110 से प्रारम्भ की जाएगी।

भूमि का विवरण निम्नवत हैः-

1-	ग्राम- बरडीहा दल -	21.38 हेक्टेयर
2-	ग्राम- अहिरौली-	2.302 हेक्टेयर
3-	ग्राम- डम्बरपुर	3.533 हेक्टेयर

नीलामी की शर्तैः-

1- नीलामी मे भाग लेने वाले व्यक्ति मठ का भागीदार या मठ से संबंधित समिति के सदस्यगण या उनका कोई संबधी/नातेदार नही होना चाहीए।

2- नीलामी मे भाग लेने हेतु मु०-20,000/- रु बतौर जमानत केन्द्रीय नजारत अनुभाग में जमा करना होगा।

3- नीलामी संतोषजनक सम्पन्न होने पर अंतिम बोली बोलने वाले बोलीदाता को सम्पूर्ण धनराशि अन्दर सप्ताह जमा करना होगा।

4- **नीलामी स्वीकृत होने के उपरान्त शेष धनराशि अन्दर सप्ताह जमा करना होगा ऐसा न करने पर जमानत के धनराशि के** अतिरिक्त जमा की गयी धनराशि का **1/4** धनराशि को जब्त कर पुनः नीलामी की कार्यवाही **की जाएगी।**

5- नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार माननीय अध्यक्ष दल बरडीहा मठ / जनपद न्यायाधीश ,जनपद देवरिया के पास सुरक्षित है।

6- नीलामी स्वीकृत होने तथा सम्पूर्ण धनराशि जमा होने के बाद ही फसल बोने के अधिकारी होंगे।

7- नीलामी लेने वाले व्यक्ति द्वारा भूमि के स्वरुप मे कोई परिवर्तन आदि नही किया जाएगा।

8- उपरोक्त शर्तो के उल्लघन करने पर नीलामी की कार्यवाही निरस्त किया जा सकता है।

/	/	/
(लोकेश कुमार)	**(अजय कुमार)**	**(श्रीमती इन्दिरा सिंह)**
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
नीलामी समिति,	नीलामी समिति	नीलामी समिति,
जजी देवरिया।	जजी देवरिया।	जजी, देवरिया।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु

2- जनपद न्यायालय,देवरिया के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर्स) , केन्द्रीय कम्प्यूटर कक्ष, देवरिया।

3- माननीय जनपद न्यायाधीश,देवरिया

4- श्री श्यामानन्द सरस्वती सदस्य मठ बरडीहा दल।

5- सहायक जिला सूचना अधिकारी देवरिया को समाचार पत्रों मे निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

6- जनपद न्यायालय देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

7- कलेक्ट्रेट देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

8- तहसील रुद्रपुर जनपद देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

9- -जिला परिषद देवरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

10 केन्द्रीय नाजिर जजी देवरिया को अन्य सार्वजनिक स्थलो पर चस्पा हेतु।

19/5/22	A. Kumar. (अजय कुमार) 19/5/22	19/5/22
(लोकेश कुमार)		(श्रीमती इन्दिरा सिंह)
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
नीलामी समिति,	नीलामी समिति,	नीलामी समिति,
जजी देवरिया।	जजी देवरिया।	जजी, देवरिया।